आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 06.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी–प्रदेश में महिला दिवस के उपलक्ष में विभिन्न आयोजन।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सरकारी योजनाओं को ज़रूरतमन्दों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों से समर्पित होकर काम करने को कहा।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने कहा–हर गांव और ढाणी तक पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता।
- प्रदेश में होली का उल्लास–रेलवे त्यौहार के मद्देनजर विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा।

**000**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम है ''नारी शक्ति से विकसित भारत''। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं भाग लेंगी। इसके साथ ही ''शी बिल्ड्स भारत'' हैशटैग के साथ एक सोशल मीडिया अभियान भी चलाया जा रहा है। महिला दिवस को लेकर महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह दिन महिलाओं के बहुमुखी विकास पर चर्चा करने और बाधाओं को समाप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जैसलमेर में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान महिलाओं को सम्मानित किया गया। झुंझुनूं के पिलानी स्थित सी.एस.आई.आर. सीरी में खेल प्रतियोगिताएं रखी गईं। इसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना था। इसमें वॉकेथॉन के अलावा टेबिल टेनिस और क्रिकेट मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। पाली के सोजत में कार्यशाला आयोजित कर महिलाओं को उनके हितों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में जोधपुर में कल महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं को आठ मार्च को राजस्थान रोडवेज की ओर से निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि महिलाएं साधारण और एक्सप्रेस बसों में राज्य की सीमा में यात्रा कर इस सुविधा का लाभ ले सकती हैं। वहीं महिलाएं इस दिन स्मारकों और संग्रहालयों का मुफ्त भ्रमण भी कर सकेंगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमन्दों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को समर्पित होकर प्रयास करने को कहा है। श्री बागडे ने आज जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल को जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गई। राज्यपाल का आज एक निजी समारोह में शिरकत का कार्यक्रम है। कल वे जैसलमेर जाएंगे तथा सीमा सुरक्षा बल की चौकियों का दौरा कर जवानों से मुलाकात करेंगे।

000

युवाओं को अपराध से बचाने के लिए पुलिस सामाजिक सरोकार का अभियान चलाएगी। जयपुर रेंज के आईजी अजयपाल लांबा ने ये नवाचार किया है। उन्होंने आज झुंझुनूं में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान श्री लांबा ने बताया कि अभियान के तहत सभी अधिकारी स्कूलों और कॉलेजों में जाकर युवाओं से संवाद कर उन्हें अपराध की तरफ नहीं जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव अमित यादव ने कहा कि सरकारी सेवा का मूल उद्देश्य लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाना है। श्री यादव ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। सचिव ने कहा कि लोक सेवकों द्वारा की गई प्रत्येक कार्रवाई राष्ट्र की प्रगति में योगदान देती है। यह कार्यक्रम सरकारी अधिकारियों के बीच खुली चर्चा, टीमवर्क और व्यावहारिक समस्या–समाधान को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है।

000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि प्रत्येक गांव ढाणी तक पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर पेयजल कनेक्शन देने का काम किया है। वे विधानसभा में विभाग की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन में विभाग की 118 अरब 66 करोड़ रुपये से ज्यादा की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गईं। जलदाय मंत्री ने कहा कि राजस्थान वाटर सप्लाई और सीवरेज एक्ट 2025 का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसमें जल के दुरूपयोग करने वाले और अवैध जल कनेक्शनों पर सख्ती से कार्यवाही के प्रावधान रखे गए हैं।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने आज विधानसभा में कहा कि राज्य में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के लिए सजगता से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अधिक समस्या वाले जिलों में इसके लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। श्री बेढम ने कहा कि राज्य सरकार नशे की प्रभावी रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान चला रही है।

000

उदयपुर के सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में लगी आग को देखते हुए अभयारण्य और बायोलॉजिकल पार्क में पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। पिछले तीन दिनों से लगी आग आज सुबह और भड़क गई। तेज हवाओं के कारण ये आग लगभग 7 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई है।

22 फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मौके पर 140 से ज्यादा वन, दमकल और पुलिसकर्मी तैनात हैं। रिहायशी इलाकों को आग से बचाने के लिए क्षेत्र के छह घर खाली करवाए गए हैं। जिला कलेक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने प्रभावित इलाके का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आबूरोड में हुए सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये गए हैं। गौरतलब है कि आज तड़के सिरोही में राष्ट्रीय राजमार्ग–27 पर किवरली के पास एक कार और ट्रोले की टक्कर में छह लोगों की मृत्यु हो गई थी। कार में सवार ये सभी लोग जालौर के रहने वाले थे और अहमदाबाद से वापस लौट रहे थे।

000

आज नेशनल डेंटिस्ट डे मनाया जा रहा है। ये दिन दन्त चिकित्सकों के योगदान को सम्मान देने और दांतों की देखभाल के प्रति हर साल 6 मार्च को मनाया जाता है। जयपुर के दन्त चिकित्सक डॉ. जतिन मिश्रा ने आकाशवाणी को बताया कि धुम्रपान और तम्बाकू सेवन से दांतों और मुंह में कैंसर की आशंका बढ़ जाती है।

000

प्रदेशभर में होली का उल्लास नजर आने लगा है। जगह–जगह फाग का रंग छाया हुआ है। मंदिरों और घरों में होली उत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में कल से होली उत्सव शुरू हो रहा है। नौ मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में सौ से ज्यादा कलाकार भजनों और शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे। 10 और 11 मार्च को फूलों की होली खेली जाएगी। वहीं पर्यटन विभाग की ओर से नौ मार्च से बृज क्षेत्र में होली महोत्सव के आयोजन होंगे। नौ मार्च को डीग, दस को कामां और 11 मार्च को भरतपुर में उत्सव मनाया जाएगा। पाली में इन दिनों होली गीतों और गेर नृत्य के मुख्य वाद्य यंत्र चंग तैयार किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि फाल्गुन के शुरू होने के साथ ही जिले में होली उत्सव मनाये जाते हैं और चंग की थाप पर नृत्य किया जाता है।

होली के त्यौहार को देखते हुए रेलवे छह विशेष ट्रेनें चलाएगा। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ये निर्णय लिया गया है।

000

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के गिवअप अभियान के तहत पाली जिले में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने नाम स्वेच्छा से हटा लिए हैं। जिला रसद अधिकारी, मनजीत सिंह ने बताया कि अब तक साढे चार हजार से ज्यादा परिवारों के करीब 20 हजार सदस्यों ने अपने नाम वापस लिए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान को 31 मार्च तक बढ़ाया गया है।

000